संख्या 1386/26-3-92-9(9)/92

प्रेषक,

जगन्नाथ सिंह,
संयुक्त सचिव, उ0प्र0शासन ।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, विभाग
उ0प्र0, लखनऊ ।

समाज कल्याण अनु0-3 लखनऊ: दिनांक: 31 मार्च, 1992

विषय: अतिरिक्त संख्या में अनुसूचित जाति के प्राइमरी पाठशालाओं और छात्रावासों को आवर्तक सूची में सम्मिलित किया जाना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत वर्ष 1983-84 तक पर्याप्त संख्या में पाठशालाओं तथा छात्रावास आदि अनावर्तक आधार पर अनुदान प्राप्त कर रहे थे । धनाभाव में वर्ष 1984-85 से उक्त संस्थाओं को किसी भी प्रकार का अनुदान देना शासन के लिये सम्भव नहीं हो पाया जिससे संस्थाओं, उनके अध्यापकों तथा उनमें पढ़ने वाले बच्चों सभी को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। इसी परिप्रेक्ष्य में सम्यक विचारोपरान्त शासन ने यह निर्णय लिया है कि शिक्षा सत्र 1991-92 के 57 प्राइमरी पाठशालाओं तथा एक छात्रावासों, कुल 58 संस्थाओं को आवर्तक आधार पर अनुदान देने हेतु अनुमोदित किया जाये । अतः श्री राज्यपाल, अनुसूचित जाति की प्राइमरी पाठशालाओं तथा छात्रावासों की अनुमोदित सूची संलग्न करते हुये वर्ष 91-92 के शिक्षा सत्र में मार्च 1992 से आवर्तक अनुदान देने हेतु रु0 8,00,750/- (रु0 आठ लाख सात सौ पचास रुपये मात्र) की धनराशि वित्तीय स्वीकृति एवं व्यय करने की अनुमति इस शर्त के आधार पर प्रदान करते हैं कि यह राशि आपके द्वारा आहरित करके जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ के पी0एल0ए0 में रखी जायेगी और आवश्यकतानुसार आहरित करके जिलों को आवंटित की जायेगी । शिक्षा संस्थाओं की जो सूची संलग्न की जा रही है उसके अन्तर्गत आने वाली संस्थाओं को निम्न शर्तों की पूर्ति के बाद ही अनुदान दिया जायेगा । यदि सूची में वर्णित कोई संस्था इन शर्तों को पूरा नहीं करती है तो उसके संबंध में स्थिति से शासन को अवगत कराया जाये-

शर्तें :-
(1) जो संस्थायें वर्ष 1983-84 तक अनावर्तक आधार पर अनुदान प्राप्त कर रही थीं केवल उन्हीं में से चयनित संस्थाओं को आवर्तक अनुदान दिया जाना है ।
(2) संस्था का संचालन 10 वर्ष या अधिक अवधि से निरन्तर हो रहा हो ।

------2

§3§ संस्था जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्थायी या अस्थायी मान्यता प्राप्त हो ।

§4§ संस्था में पढ़ रहे बच्चों में से कम से कम 50 प्रतिशत बच्चे अनुसूचित जाति/जनजाति के हों ।

§5§ संस्थाओं में 40 बच्चों पर एक अध्यापक के मानक तथा 20 अतिरिक्त बच्चे होने पर एक अतिरिक्त अध्यापक के मानक के आधार पर अध्यापक स्वीकृत किये जा रहे हैं ।

§6§ संस्थाओं द्वारा अध्यापकों को वेतन का भुगतान शासन द्वारा स्वीकृत मानक/वेतनमान §यदि कोई हो§ के आधार पर ही किया जायेगा ।

§7§ संस्थाओं [illegible] को अनुदान का भुगतान समय-समय पर निर्धारित मानकों के आधार पर ही किया जायेगा ।

§8§ इन पाठशालाओं के प्रधानाध्यापक/अध्यापक/सहायक अध्यापक §महिला एवं पुरुष§ में से जो प्रशिक्षित हैं, उनके लिये प्रशिक्षित अध्यापक विभाग में वर्तमान में प्रचलित अनुमन्य वेतन और जो अप्रशिक्षित हैं, उनके लिये विभाग में वर्तमान में प्रचलित नियत अनुमन्य वेतन का अनुदान दिया जायेगा ।

§9§ कार्यरत अध्यापकों के पदों के रिक्त होने वाले पदों पर तथा कार्यरत अध्यापकों के अतिरिक्त शेष पदों पर नियुक्तियाँ बिना शासन के आदेशों के नहीं की जायेगी । अन्य अनुमन्य अध्यापकों में आरक्षण कोटा पूर्ण होना सुनिश्चित किया जायेगा ।

§10§ पहले से कार्यरत अध्यापक के स्थान पर यदि किसी अन्य अध्यापक का नाम जिला से निदेशालय/शासन को भेजा गया है तो पूर्व कार्यरत अध्यापक/अध्यापकों के वेतन का अनुदान का ही भुगतान किया जायेगा और विवाद की स्थिति में अनुदान का भुगतान शासन की पूर्व अनुमति के बगैर नहीं किया जायेगा ।

§11§ इस आदेश की किसी भी शर्त का उल्लंघन होने की दशा में व्यक्तिगत उत्तरदायित्व संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारी का होगा ।

2- इन आदेशों के निर्गत होने के बाद निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0/मण्डलीय उप निदेशक, समाज कल्याण/तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अन्य दूसरे ऐसे कोई आदेश निर्गत/पारित नहीं किये जायेंगे जिनसे इस आदेश में निहित उद्देश्यों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े ।

3- उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 1991-92 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के लेखाशीर्षक-"2225-अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण-आयोजनागत-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-277-शिक्षा-07-हरिजन सहायक विभाग द्वारा सहायता प्राप्त अनुसूचितजाति के वर्तमान पुस्तकालयों, छात्रावासों और पाठशालाओं का सुधार एवं विस्तार §जिला योजना§-18-सहायक अनुदान/अंशदान/राजसहायता" के नामे डाला जायेगा तथा रु0 12.00लाख प्राविधान से वहन किया जायेगा ।

-------3

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-786/दस-92 दिनांक 31-3-92 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं ।

संलग्नक- उपर्युक्त ।

भवदीय,
ह0/-
( जगन्नाथ सिंह )
संयुक्त सचिव ।

पृ0सं0- 1386(1)/26-3-92तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
2- संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
3- समस्त मण्डलीय उप निदेशक, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 ।
4- महालेखाकार, आडिट प्रथम, लेखा प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
5- कोषाधिकारी, लखनऊ ।
6- संबंधित संस्थायें ।
7- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनु0-12
8- नियोजन अनुभाग-3

आज्ञा से,
ह0/-
( जगन्नाथ सिंह )
संयुक्त सचिव ।

शासनादेश संख्या 1386/26-3-92-9(9)/92 दिनांक 31-3-92 का संलग्नक

| 1 | विद्यालय एवं प्रबंधक का नाम (सर्वश्री) 2 | छात्रों की सं० अनु०जाति कुल 3 | अनुमन्य अध्यापक 4 | अभ्युक्ति 5 |
|---|---|---|---|---|
| | **जनपद मऊ** | | | |
| 1- | सत्यम शिवम् हायर सै०प्र०पा०नन्दपोखरा, मऊनाथ भंजन मऊ (प्र०-मुसाफिर राम) | 347/525 | 13 | |
| 2- | श्री सन्त रैदास ह०रि०प्रा०पा०स्वरूप नगर मुहदानी, सरसेना, मऊ(प्र०-बद्री राम) | 255/413 | 10 | |
| 3- | श्री दुर्गा जी नवयुग विद्या मंदिर पारा, कुरथी, जाफरपुर, मऊ(प्र०-श्रीमती पार्वती) | 280/454 | 11 | |
| 4- | अम्बेडकर पाठशाला समिति कनाय चक चिरइयाकोट मऊ(प्र०-जितेन्द्र राम) | 230/362 | 9 | |
| 5- | आदर्श जूनियर हा०विद्यालय पुरपाखुर्द हथिनी मऊ (प्र०-वीरेन्द्र कुमार) | 551/665 | 17 | |
| 6- | आदर्श हरिजन बाल विद्यालय खालिसपुर (अदरी) मऊ(प्र०-श्री नाथ) | 351/475 | 12 | |
| 7- | इंदिरा गांधी एवं मनाजी ह०रि० कन्या प्रा० पा० नन्दपोखरा मऊनाथ भंजन, मऊ(प्र०-मुसाफिर राम)(एक दोई) | 247/368 | 9 | |
| 8- | प्रबुद्ध अम्बेडकर यांत्रिक प्रा० विद्या०मोहम्मदाबाद गोहना मऊ(देविकी राम) | 304/440 | 11 | |
| 9- | आदर्श डाक्टर अम्बेडकर शिक्षा निकेतन प्रा० पा० खिल्ला रकौली मऊ(प्र०-शांति भूषण) | 296/443 | 11 | |
| 10- | प्राइमरी पाठशाला, रजपुरा भाटपोरा, मऊ (प्र०- नबी अहमद) | 385/720 | 18 | |
| 11- | श्री चण्डीदास आदर्श प्रा०पा०फरीदपुर मोहम्मदाबाद, गोहना मऊ(प्र०-सल्टू राम) | 209/378 | 9 | |
| 12- | ह०रि०कन्या प्रा०स्कूल, भुजही सरदुरपुर मऊ (प्र०-राम सेवक शर्मा) | 183/326 (एक दायी) | 8 | |
| 13- | ह०रि०बालिका प्रा०स्कूल, नगरीपार बन्दीकला, मऊ(प्र०-राम सेवक शर्मा) | 211/363 (एक दायी) | 9 | |
| 14- | अम्बेडकर विद्यालय गोपालपुर, घोसी, मऊ (मंजूर अहमद) | 206/320 | 8 | |
| 15- | गोवरिया अम्बेडकर शिक्षण संस्थान गोवरिया, मऊ(प्र०- विजय बहादुर सिंह) | 275/400 | 10 | |
| 16- | दैनिक सरायताजी जनता सेवा संस्थान प्रा० वि० सरायताजी, विचपुरा, मऊ(प्र०-राधा कृष्ण चौहान) | 368/593 | 15 | |
| 17- | बाबा हरिप्रसाद आदर्श ह०रि०प्रा०पा०दर्पनारायणपुर, मऊ (प्र०-केदारनाथ यादव) | 351/495 | 12 | |
| 18- | आदर्श ह०रि०वे०प्रा०पा०देवनाथपुर उन्दुरा मऊ (प्र०-श्री गौरी शंकर) | 325/482 | 12 | |

19-

—2

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|

जनपद आजमगढ़

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19- | हरि०प्रा०पा०मुकुन्दगाँव, आजमगढ़ (प्र०- त्रिपुरारी) | 194/289 | 7 |
| 20- | प्राइमरी बाल विद्यालय पल्हनी सदर, आजमगढ़ (प्र० अमर राम) | 124/242 | 6 |
| 21- | आदर्श शिक्षा परिषद, जिगर मन्डी, आजमगढ़ (प्र०- रामशंकर) | 250/440 | 11 |
| 22- | डा० अम्बेडकर स्मृति पाठशाला, पुरसुड़ी उदियावां, आजमगढ़ (प्र०-लौहर राम) | 220/308 | 8 |
| 23- | डा० अम्बेडकर प्रा०पा०चन्दौकाह, आजमगढ़ (प्र०- सम्पतराम) | 157/272 | 7 |
| 24- | प्रबुद्ध अम्बेडकर स्मारक हरि०प्रा०पाठशाला बनकट, लेदौरा, पो०बुढ़िया छिठर, पट्टी, आजमगढ़ (प्र०-शान्ता राम) | 386/593 | 15 |
| 25- | हरि०प्रा०पा०जमीन, मुहम्मदपुर (विरही) आजमगढ़, (प्र०-धर्मराज) | 253/473 | 12 |
| 26- | श्री बाबा माधवराम, प्रा०पा०कोडनहा, बड़सरा, खालसा, आजमगढ़ (प्र०- दयाशंकर यादव) | 263/443 | 11 |
| 27- | काशी विद्या मंदिर हाजीपुर, बम्हौर, आजमगढ़ (प्र०- चिन्तन यादव) | 234/442 | 11 |

जनपद-गाजीपुर ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28- | डा०भीमराव अम्बेडकर शिक्षा निकेतन बघरखावा, मगाईपट्टी, गाजीपुर, (प्र०-धर्मराज) | 112/248 | 6 |
| 29- | हरिजन स्वावलम्बी प्रा०पा०भवानीपुर पो० तरांव, गाजीपुर (प्र०-अमरनाथ सिंह यादव) | 206/327 | 8 |
| 30- | हरि०कमोत्तर विद्यालय, धानौता जमनियां, गाजीपुर (प्र०-सीताराम) | 82/158 | 4 |
| 31- | देवस्थान हरि०प्रा०पा० डिहवां वासुदेवपुर, गाजीपुर (प्र०-रामजन्म शर्मा) | 213/421 | 11 |

जनपद-जालौन

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32- | डा०अम्बेडकर प्रा०पा०आटा, जालौन (प्र- तिलकचन्द्र) | 157/265 | 7 |
| 33- | शान्ति निकेतन हरि०बाल मंदिर नया रामनगर, उरई जालौन (प्र०-कृष्ण बल्लभ) | 152/246 | 6 |
| 34- | श्री सतगुरु संत कबीर प्रा०पा०कौंच, जालौन (प्र०-महन्त अधिकारी दास) | 101/171 | 4 |
| 35- | जगजीवन राम आदर्श हरि०प्रा०पा०डंगरापुरवा (बलान) बांदा (प्र०-रामेश्वर प्रसाद) | 88/153 | [illegible] |
| 36- | श्री राधाकृष्ण प्रा०बाल विद्यालय उरई, जालौन (प्र०-धर्मराजीत सिंह) | 304/557 | 14 |

---3

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 51- | मीनू प्रा0स्कूल, जूही, लाल कालौनी , कानपुर नगर (प्र0- मीनू तिवारी) | 114/193 | 5 | |
| 52- | तुलसा देवी प्रा0स्कूल, 130/321, अजीतगंज, कानपुर (प्र0-राधाकृष्ण) | 155/293 | 7 | |
| 53- | अन्त्योदय प्रा0पा0 12/441, ग्वालटोली, कानपुर नगर (प्र0- सनदकुमार) | 265/477 | 12 | |
| | **जनपद-देवरिया** | | | |
| 54- | श्री योगीराज, देवरहा बाबा ह0प्रा0पा0 मुसहुला, बुजुर्ग, सलेमपुर देवरिया (प्र0-रामबचन प्रसाद) | 520/711 | 18 | |
| 55- | श्री सीताराम, ह0प्रा0पा0 सैलहरापुर, बीजापुर, झंगटौर, देवरिया (प्र0-राजदेव ) | 286/480 | 12 | |
| 56- | बेसिक ह0प्रा0पा0 पिपरानायक, नारायनपुर, देवरिया (प्र0-रामदेव प्रसाद ) | 215/305 | 8 | |
| 57- | चन्द्रशेखर ह0प्रा0पा0 रजडीहा, सलेमपुर, देवरिया (प्र0- जनकदेव राय) | 230/435 | 11 | |

आवर्तक अनुदान हेतु छात्रावास की सूची :-

| क्र0सं0 | छात्रावास का नाम | प्रबन्धक का नाम |
|---|---|---|
| 1- | **जनपद-जालौन** | |
| 1- | डा0 अम्बेडकर छात्रावास, कालपी, जालौन | श्री ज्योति प्रसाद |

ह0/-

( जगन्नाथ सिंह )
संयुक्त सचिव ।